# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026


## सुविचार



जय उसी की होती है जो अपने को संकट में डालकर कार्य संपन्न करते हैं। जय कायरों की कभी नहीं होती।

- जवाहरलाल नेहरू

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- नाबालिग बेटी की हत्या कर एसिड से जलाया चेहरा II
- दो वर्ष में दोगुनी हुई लविवि में फीस III
- परशुराम जयंती पर कवि और समाजसेवी सम्मानित IV


### शहर में आज



- जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-7 स्थित आश्रयहीन योजना, भवानी मार्केट में एलडीए का ओटीएस शिविर- 10:00 बजे से।
- रिवर बैंक कॉलोनी स्थित इंस्टिट्यूशन का इंजीनियर सभागार में वायरलेस आर्किटेक्चर वीएलएसआई एंड एंबेडेड सिस्टम को लेकर कार्यक्रम- 10:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# स्मार्ट मीटर और बिजली कटौती से परेशान व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी और बिजली कटौती से परेशान व्यापारियों ने आलमबाग नटखेड़ा रोड पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने ऊर्जा प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। बिल संबंधी शिकायतों का अधिकारी निस्तारण नहीं कर रहे हैं। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा और चेयरमैन कमल चौधरी ने स्मार्ट मीटर हटाने और कटौती बंद करने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, राजन सोनकर, संतोष तिवारी, शिवराज भाटिया, अनुज मौर्य, देवेंद्र पाल सिंह उजागर सिंह और मिंटू कृपलानी सहित कई व्यापारी शामिल रहें।




स्मार्ट मीटर और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

### लोहिया संस्थान में बिजली गुल होने से परेशान हुए मरीज और तीमारदार

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोहिया संस्थान में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बाधित होते ही ओपीडी और वार्डों के एसी बंद हो गए, जिससे मरीज और उनके तीमारदार गर्मी में परेशान हो उठे। बिजली जाने का असर ओपीडी सेवाओं पर भी पड़ा। काउंटर और ओपीडी केकंप्यूटर सिस्टम बंद हो जाने से मरीजों को जांच फार्म और रिपोर्ट मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू में बैकअप व्यवस्था होने के कारण वहां सेवाएं सामान्य रहीं। करीब 15 मिनट बाद बिजली बहाल होने पर मरीजों और तीमारदारों ने राहत की सांस ली। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने बताया कि बिजली केवल 15 मिनट के लिए बाधित हुई थी और जनरेटर व बैकअप के चलते गंभीर सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। वहीं 33 केवी गोमतीनगर जोन के अधिशासी अभियंता जीतेन्द्र के अनुसार, एक सोर्स की केबल में फॉल्ट आने से आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे तुरंत वैकल्पिक सोर्स से बहाल कर दिया गया।

### लेसा लैब में मीटर की निष्पक्ष जांच पर संदेह

**अमृत विचार, लखनऊ:** लेसा की लैब में मीटरों की जांच पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाया है। तर्क है कि विभाग के ही अभियंता करेंगे तो निष्पक्ष रिपोर्ट की उम्मीद बेईमानी है। कॉरपोरेशन ने मीटरों की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित कर पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदलने पर रोक लगा दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि लेसा की लैब आवश्यक तकनीकी जांच के मानकों पर खरी नहीं उतरती। लैब में न तो पर्याप्त हाईटेक सुविधाएं हैं और न ही एमडीएम (मीटर डेटा मैनेजमेंट) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की जांच के लिए विशेषज्ञ मौजूद हैं। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले मीटर के सभी कंपोनेंट, एमडीएम, एचईएस, आईटी और ओटी सिस्टम सहित सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की स्वतंत्र और गहन जांच जरूरी है। 45 डिग्री तापमान में कार्यक्षमता, वोल्टेज के उतार-चढ़ाव पर प्रदर्शन और 35 केवी सर्ज टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण भी अनिवार्य रूप से किए जाने चाहिए। उन्होंने 2012 का उदाहरण देते हुए बताया कि उपभोक्ता परिषद के दबाव में आईआईटी कानपुर में दो मीटर कंपनियों के उपकरणों की जांच कराई गई थी, जिसमें दोनों कंपनियां असफल पाई गई थीं। बावजूद इसके, वे कंपनियां आज भी उत्तर प्रदेश में काम कर रही हैं। परिषद ने मांग की है कि स्मार्ट मीटरों की जांच किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा कायम रह सके।



### अर्थिंग का तार डालने में खोदी जा रहीं सड़कें

**अमृत विचार, लखनऊ:** सौर ऊर्जा विभाग अर्थिंग का तार डालने के लिए घरों के सामने सड़कें और गलियां खोद शहर को गड्ढायुक्त कर रहा है। इससे नगर निगम की नई बनाई गई सड़कें खराब हो रही हैं।

मनकामेश्वर वार्ड के पार्षद रणजीत सिंह ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने लिखा है कि मनकामेश्वर वार्ड में ही नहीं पूरे शहर में गलियों और सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। नगर निगम ने करोड़ों रुपये खर्च करके सड़कें गड्ढामुक्त कराई थीं। सौर ऊर्जा की स्थापना के लिए पूरे शहर को गड्ढायुक्त किया जा रहा है। पार्षद ने कहा कि नगर आयुक्त से अनुरोध किया है कि सौर ऊर्जा विभाग पहले नगर निगम से अनुमति ले और रोड कटिंग का पैसा जमा करे, जिससे सौर ऊर्जा की स्थापना पर खराब होने वाली सड़कों व गलियों को नगर निगम दोबारा बनवा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला आरक्षण बिल पर नगर निगम का विशेष सदन 23 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** महिला आरक्षण बिल संसद में पास न होने के विरोध में नगर निगम के सदन में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने 23 अप्रैल को विशेष सदन बुलाया है। उनका कहना है कि मुद्दा देश की आधी आबादी के अधिकार और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा है। प्रस्ताव गिरना चिंताजनक और महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में झटका है। विशेष सदन बुलाने के लिए एजेंडा बताने की जरूरत नहीं है। महापौर की ओर से नगर आयुक्त और पार्षदों को भेजे गए पत्र में एजेंडे की जानकारी नहीं दी गई है। कांग्रेस और सपा पार्षदों ने बिना एजेंडा विशेष सदन बुलाने को अवैध करार दिया है। सपा पार्षद दल के नेता कामरान बेग ने कहा कि पार्षद बैठक करने के बाद इस पर निर्णय लेंगे।

### लॉन टेनिस ग्राउंड पर कार्रवाई आज

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण मंगलवार को विपुल खंड में मास्टर प्लान ग्रीन पर अवैध रूप से बना लॉन टैनिस ग्राउंड हटाएगा। कार्रवाई के लिए अपर सचिव ने संयुक्त पुलिस आयुक्त से पुलिस व पीएसी बल मांगा है। एलडीए ने विपुल खंड में चौधरी महेंद्र सिंह चैरिटेबुल ट्रस्ट को 17649 वर्गमीटर का भूखंड लीज पर दिया था। लीज प्लान में प्रदर्शित मास्टर प्लान ग्रीन पर अवध स्कूल द्वारा अवैध रूप से लॉन टैनिस गाउंड का निर्माण किया गया। जनवरी में नोटिस देने पर सम्बंधित द्वारा स्वयं से हटाने के लिए समय मांगा गया था, लेकिन निर्माण नहीं हटाया। नोटिस और नियमों का उल्लंघन करने पर 21 अप्रैल को एलडीए द्वारा कार्रवाई करना तय हुआ है।

### अवैध वेंडरों के खिलाफ चलाया अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 17 से 19 अप्रैल तक अवैध वेंडरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में गोमतीनगर, ऐशबाग, लखनऊ जंक्शन समेत गई स्टेशनों व ट्रेनों में सघन जांच हुई। अभियान में 1287 पानी की बोतलें, 72 जलजीरा और 48 लेमन पेय की बोतलें जब्त की गईं। एक अनाधिकृत वेंडर को पकड़ा गया।

# गर्मी बढ़ी तो डायरिया की चपेट में आने लगे बच्चे, स्कूलों का समय भी बदला

## अस्पताल में बीमार बच्चों की संख्या 20 प्रतिशत तक बढ़ी, उल्टी-दस्त लक्षण प्रमुख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में रविवार के मुकाबले सोमवार को अधिकतम तापमान में .3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवा चलने से तपिश ने लोगों को झुलसा दिया। बढ़ती गर्मी का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। बच्चे डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में बीमार बच्चों की संख्या 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। भर्ती बच्चों में उल्टी, दस्त और कमजोरी जैसे लक्षण प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं। गर्मी बढ़ने के कारण बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों का समय बदल दिया गया है। विद्यालय अब 7:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। विद्यालय पठन-पाठन हेतु छात्र-छात्राएं 7:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। विद्यालय में प्रार्थना सभा, योगाभ्यास 7:30 बजे से 7:40 बजे तक और मध्यावकाश 10 बजे से 10:15 बजे तक रहेगा।

सोमवार को अधिकतम तापमान 41.6 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। 20-30 किलोमीटर की रफ्तार से दिन में धूल भरी हवा चली। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम रही। राहगीरों ने पेड़ों की छांव का सहारा लिया और शीतल जल से गला तर करते रहे। मौसम विभाग ने दिन में लू चलने और रात के तापमान में बढोत्तरी की संभावना जताई है।



स्कूल से लौटते समय छाते की छांव में होने के बावजूद पानी पीती गर्मी से बेहाल छात्रा। अमृत विचार



अंगौछे से खुद को धूप से बचाने का प्रयास करते युवक।

### बच्चा दही जैसी उल्टी करे तो एथुसा सिनेपियम-30 कारगर

जानकीपुरम में हॉलिस्टिक हेल्थ केयर की होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अर्चना के मुताबिक गर्मियों में मां का दूध पीने वाले शिशुओं को इंफेक्शन और डिहाइड्रेशन से बचाना बेहद जरूरी है, क्योंकि इस मौसम में उनका शरीर जल्दी प्रभावित हो जाता है। अगर बच्चा दूध पीने के बाद बार-बार दही जैसी उल्टी करने लगे, तो इसे नजरअंदाज न करें, यह डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आ सकती है ऐसे खास लक्षणों में होम्योपैथी की जानी-मानी दवा एथुसा सिनेपियम- 30 सहायक मानी जाती है। यह शिशु के पाचन को संतुलित कर उल्टी की समस्या को कम करने में मदद करती है। सही देखभाल और समय पर उपचार से आपका नन्हा बच्चा गर्मियों में भी सुरक्षित, स्वस्थ और मुस्कराता रह सकता है।



### गर्मियों में भी नवजात के लिए मां का दूध ही संपूर्ण आहार

अवंतीबाई महिला चिकित्सालय के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने कहा कि गर्मी में अक्सर माता-पिता नवजात शिशुओं को पानी या अन्य तरल पदार्थ देने की सोचते हैं, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि 6 माह से कम उम्र के बच्चों के लिए केवल मां का दूध ही पर्याप्त और सर्वोत्तम आहार है। यदि डिब्बे का भी दूध दे रहे हैं तो भी पानी या अन्य तरल पदार्थ देने की जरूरत नहीं है। गर्मियों में नारियल के तेल से मालिश उपयुक्त है। अवंतीबाई महिला चिकित्सालय के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने बताया कि हर मौसम में शिशु के लिए 6 माह तक मां का दूध ही सबसे सुरक्षित, स्वच्छ और संतुलित आहार है। मां के दूध में लगभग 85 से 90 प्रतिशत तक पानी होता है, जो शिशु के शरीर में पानी की कमी को पूरी तरह से पूरा करता है। मां का दूध रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। इससे बच्चे का डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव होता है। गर्मियों में शिशु को बार-बार स्तनपान कराना चाहिए, जिससे शरीर में तरल की पर्याप्त मात्रा बनी रहे और डिहाइड्रेशन की समस्या न हो। बच्चों को साफ और ताजा भोजन ही दें, उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पिलाएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।





पानी ठंडा करने के लिए बाजार में घड़ा खरीदती महिला। अमृत विचार

# बाजार में बढ़ गई मिट्टी के घड़ों की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने के साथ ही मिट्टी के घड़ों की बिक्री भी बढ़ गई है। तीन लीटर से लेकर 25 लीटर तक के घड़ों की ज्यादा मांग है। टोटी लगे घड़े अधिक पसंद किए जा रहे हैं।

घड़ों की कीमत 50 रुपये से 350 रुपये तक है। मिट्टी के घड़ों में पानी वाष्पीकरण की प्रक्रिया से प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है, जो शरीर के लिए अधिक अनुकूल माना जाता है। इसके विपरीत, इलेक्ट्रॉनिक फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

इसके अलावा घड़ों का पानी पाचन में सुधारने के साथ शरीर को डिटॉक्स करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में भी सहायक है। मिट्टी के क्षारीय गुण पानी के पीएच स्तर को संतुलित बनाए रखते हैं। साथ ही, इसमें पानी प्लास्टिक के संपर्क में नहीं आता, जिससे यह अधिक सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प बन जाता है।

- तीन लीटर से 25 लीटर तक के घड़ों की मांग ज्यादा



बब्लू प्रजापति और रईस जहां।

### मिट्टी महंगी होने से घटा मुनाफा

मिट्टी की लागत में वृद्धि से उत्पादन खर्च बढ़ गया है। एक ट्रॉली मिट्टी 350 से 400 रुपये तक महंगी हो गई है। कम मुनाफा होने से कारीगरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डालीगंज के बबलू प्रजापति ने कहा कि घड़े हर वर्ग की पहुंच में होते हैं, इससे इनकी मांग अधिक रहती है। रईस जहां ने बताया कि सेहत के लिए घड़े का पानी लाभकारी होने से उच्च वर्ग के लोग भी घड़ों की खरीददारी कर रहे हैं। दुकानदार हलीम ने बताया कि टोटी वाले घड़ों की ज्यादा मांग है।

## अध्ययन

**बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने किया शोध**


# शरीर से आयरन चोरी कर जिंदा रहते हैं टीबी के जीवाणु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तपेदिक (टीबी) की बीमारी आज भी दुनिया में सर्वाधिक संक्रामक व्याधि बनी हुई है। जिसके कारण दुनिया वर्ष 2023 में करीब 12.5 लाख लोगों की मौत दुनिया भर में हुई है। तपेदिक के जीवाणुओं की कार्यप्रणाली पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने महत्वपूर्ण शोध किया है जिसमें पता चला है कि टीबी के जीवाणु मानव शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को धोखा देकर आयरन चुराकर जिंदा रहते हैं। बीबीएयू के डॉ. युसुफ अख्तर व डॉ. गौरीशंकर ने टीबी जीवाणु के जीवित रहने के प्रमुख रहस्यों को उजागर किया है।

जैव प्रौद्योगिकी विभाग में हुए शोध में उस प्रमुख तंत्र पर से पर्दा हटा है, जिसके द्वारा माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस, टीबी के लिए उत्तरदायी जीवाणु शरीर के अंदर तब भी जीवित रहता है, जब प्रतिरक्षा प्रणाली उसे आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित करती है। शोध के निष्कर्ष स्प्रिंगर नेचर की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिका बायोमेटल में प्रकाशित हुई हैं। प्रथम चरण में जीवाणु अपने आयरन-अधिग्रहण जीन्स को सक्रिय करता है और उच्च स्तर पर साइडरोफोर उत्पादन शुरू कर देता है। द्वितीय चरण में वह एक साथ अपनी आयरन-उपभोग प्रक्रियाओं को भी बंद कर देता है, एक चयापचय ऊर्जा-बचत मोड में प्रवेश करता है जो उस पोषक तत्व पर निर्भरता कम करता है जिसे वह प्राप्त नहीं कर सकता।

तृतीय चरण में जीवाणु गहरे शारीरिक परिवर्तनों से गुज़रता है जो उसे महीनों या वर्षों तक शरीर के अंदर सुप्त रहने की अनुमति देते हैं, यह अवस्था सुप्त टीबी कहलाती है। यह तब पुनः सक्रिय होता है जब वृद्धावस्था, कुपोषण, मधुमेह या एचआईवी संक्रमण के कारण मेजबान की प्रतिरक्षा शक्ति कमज़ोर पड़ती है।



### इस तरह चुराते हैं आयरन

टीबी जीवाणु शरीर में प्रवेश करते हैं तो प्रतिरक्षा प्रणाली लोहे (आयरन) को विशेष प्रोटीनों में बंद कर देती है। जिससे इन जीवाणुओं को पोषक तत्व से वंचित किया जा सके। जिसकी जीवाणुओं को ऊर्जा उत्पादन, डीएनए संश्लेषण और लगभग हर महत्वपूर्ण कार्य के लिए आवश्यकता होती है। अधिकांश रोगजनकों के लिए यह रणनीति प्रभावी होती है। लेकिन टीबी जीवाणु ने एक परिष्कृत प्रतिरणनीति विकसित की है। जो शरीर से आयरन चुराकर जिंदा रहते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि आयरन की कमी महसूस होने पर जीवाणु जीन्स के एक समूह को सक्रिय करता है जो साइडरोफोर नामक पदार्थ उत्पन्न करते हैं। शक्तिशाली जैविक अणु चुम्बक की तरह कार्य करते हैं। शरीर की कोशिकाओं से आयरन निकाल कर उसे वापस जीवाणु कोशिका में खींच लेते हैं। इससे जीवाणु जानबूझकर शत्रुतापूर्ण, आयरन-रहित वातावरण में भी बढ़ते और जीवित रहते हैं।

### ये जीन हैं जिम्मेदार

एमबीटीए, एमबीटीबी, एमबीटीई और एमबीटीएल जीन सर्वाधिक जिम्मेदार हैं। प्रतिरक्षा से बचाव से जुड़े जीन, जिनमें पीई/पीपीई परिवार के सदस्य और ईएक्सएस स्राव प्रणाली शामिल हैं। जो एक साथ सक्रिय पाए गए, जो आयरन-चोरी और जीवाणु की प्रतिरक्षा पहचान से छिपने की क्षमता के बीच एक समन्वित संबंध प्रकट करते हैं।



डॉ यूसूफ अख्तर



डॉ गौरी शंकर

### टीबी विश्व का सर्वाधिक संक्रामक रोग

तपेदिक (टीबी) सबसे घातक संक्रामक रोगों में एक हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2023 में 1.08 करोड़ लोग टीबी से बीमार पड़े और 12.5 लाख की मृत्यु हुई। यानी हर 25 सेकंड में लगभग एक मृत्यु। देश में यह बोझ सर्वाधिक है। विश्व के नए टीबी मामलों में 25 प्रतिशत भारत में होते हैं और प्रत्येक वर्ष 3.2 लाख भारतीय इस रोग से जान गंवाते हैं। जो प्रतिदिन लगभग 880 मौतों के बराबर है। भारत की लगभग 40 प्रतिशत आबादी में टीबी जीवाणु सुप्त अवस्था में विद्यमान होने का अनुमान है।

# घर के सामने तबेला, गोबर से नाली चोक, गली में जलभराव

## कुल्ली खेड़ा गांव के लोगों ने नगर आयुक्त से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** घर के सामने अवैध डेयरी का संचालन करके तबेला बना दिया। जिससे सड़क पर जलभराव के साथ गोबर से गंदगी फैल रही है। मच्छरों से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

नगर निगम जोन 8 के अर्जुनगंज स्थित कुल्ली खेड़ा गांव के लोगों ने नगर आयुक्त से अवैध तबेलों की शिकायत की है। कुल्ली खेड़ा प्राइमरी स्कूल के पास रहने वाले संजय शुक्ला, महेश दत्त शुक्ला, संजय सिंह और पवन कुमार सिंह ने बताया कि उनके घर से कुल्ली खेड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे ब्रजेश शुक्ला और दीप चंद्र शुक्ला के मकान अगल-बगल हैं। दोनों ने अपने घरों में दुधारू गाय पाल रखी हैं। प्रतिदिन सुबह गोबर को पानी के प्रेशर से बहाया जाता है, जिससे नाली चोक हो जाती है।

नाली का पानी सड़क पर भरने से आने-जाने में परेशानी होती है। इसके अलावा दोनों लोग घरों के आगे ठेले भी खड़े कराते हैं, जिससे आधी सड़क घिर जाती है। शिकायतकर्ताओं ने नगर आयुक्त से अतिक्रमण और अवैध तबेले हटवाने की मांग की है।

### आईजीआरएस पर शिकायत का फर्जी निस्तारण

पवन कुमार सिंह ने 19 मार्च को आईजीआरएस पर शिकायत की थी। इसकी संदर्भ संख्या 40015726031207 है। जोन 8 के संबंधित अधिकारी ने शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया। पवन क आरोप है कि कहीं और की फोटो लगा कर रिपोर्ट में लिख दिया कि प्रकरण में का निस्तारण करा दिया गया है। मौके पर कोई भी अधिकारी-कर्मचारी देखने तक नहीं पहुंचा। जोनल अधिकारी विकास सिंह ने कहा कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी। फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट लगाने वाले संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। सड़क से अतिक्रमण हटवाया जाएगा और अवैध डेयरी हटाने के लिए पशु कल्याण विभाग को प्रकरण की जानकारी दी जाएगी।



सड़क पर जलभराव होने से चबूतरे से निकलती महिला।

## सिटी ब्रीफ

### गारमेंट्स शोरूम में चोरी, तोड़े 14 कैमरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज के सेक्टर-के स्थित एक नामचीन गारमेंट्स शोरूम में चोरों ने ताला तोड़कर नकदी और कीमती सामान पार कर दिया। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल की रात चोरों ने एलन सोली शोरूम को निशाना बनाया। ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर लेडीज व जेंट्स कपड़े, पर्स, जूते-सैंडल समेत बड़ी मात्रा में माल समेट ले गए। इसके अलावा काउंटर में रखे करीब 9500 रुपये, हरमन कंपनी का साउंड सिस्टम, सीसीटीवी का डीवीआर और जियो वाई-फाई राउटर भी उठा ले गए। सुबह शोरूम खुलने पर मैनेजर आमिर हुसैन रिजवी ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया। उधर, हसनगंज के कुतुबपुर निवासी व्यवसायी अर्सलान अली के घर में भी चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंची। घर के ताले टूटे मिले, लेकिन खिड़कियां सुरक्षित थीं और अंदर जबरन प्रवेश के स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिले। फॉरेंसिक टीम ने जांच के बाद मामले को संदिग्ध माना है।

### हुक्का बार संचालक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** डाल्फिन होटल के नीचे संचालित एसके कैफे में पुलिस ने दोबारा छापा मारकर हुक्का बार का खुलासा किया है। पुलिस ने घेराबंदी कर संचालक यश सोनकर उर्फ लक्ष्य को गिरफ्तार कर लिया। मौके से तीन हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के अनुसार कैफे में हुक्का बार चलने की सूचना मिल रही थी। 19 अप्रैल को उपनिरीक्षक चंद्रकेश सिंह व अंकित सिंह टीम के साथ पहुंचे तो हॉल में धुआं फैला मिला और टेबल पर हुक्के रखे थे। पुलिस को देख अफरा-तफरी मच गई, लेकिन घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने खुद को कैफे संचालक बताया। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी लाइसेंस नहीं दिखा सका। 22 मार्च को भी इसी कैफे पर छापेमारी कर चार लोगों को पकड़ा गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि संचालक नाबालिगों को भी हुक्का पिलाता था और लाइसेंस होने का झांसा देता था। कई बार छात्र स्कूल ड्रेस में भी यहां आते थे।

### देवर-देवरानी पर मारपीट का आरोप

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के अंबेडकरनगर में देवर-देवरानी द्वारा महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में महिला घायल हो गई। पीड़िता का आरोप है कि संपत्ति हड़पने की साजिश के तहत उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पी.के. सिंह के अनुसार सुल्तानपुर रोड, सुशांत गोल्फ सिटी निवासी लीना पत्नी विनोद मिश्रा का कृष्णानगर के अंबेडकरनगर में मकान है। 12 अप्रैल को वह पति और बच्चों के साथ बीमार सास का हाल जानने वहां पहुंची थीं। आरोप है कि ऊपरी मंजिल पर रह रही किरायेदार से सूचना मिलने पर देवरानी शाइस्ता खान उर्फ गुड़िया आर्या मौके पर पहुंची और गाली-गलौज करते हुए कमरे में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक विवाद के दौरान देवरानी ने खुद को चोट पहुंचाकर झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी। घटना के बाद तबीयत बिगड़ने पर निजी चिकित्सक से इलाज कराया। स्वस्थ होने पर रविवार को थाने पहुंचकर देवर और देवरानी के खिलाफ नामजद शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मकान मालिक ने संबंध बनाने का बनाया दबाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा इलाके में मकान मालिक द्वारा महिला से छेड़छाड़ और संबंध बनाने का दबाव डालने का मामला सामने आया है। आरोपी की हरकतों से परेशान पीड़िता ने जब आपबीती अपने पति को बतायी तो उसने भी उसका साथ छोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता तीन छोटे बच्चों के साथ रविवार को गुडंबा थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज करायी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के अनुसार मूल रूप से बहराइच निवासी 32 वर्षीय महिला पिछले एक वर्ष से विशाल राजपूत के मकान में किराए पर रह रही है। आरोप है कि मकान मालिक शुरू से ही उस पर गलत नजर रखता था और बातचीत के बहाने करीब आने की कोशिश करता था। कुछ माह पहले वह दीवार फांदकर कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ करते हुए संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे धमकाया, लेकिन शोर मचाने पर भाग निकला। इसके बाद भी आरोपी लगातार फब्तियां कसता और परेशान करता रहा। घटना से आहत महिला ने पति को जानकारी दी, लेकिन उसने साथ छोड़ दिया। अब पीड़िता तीन बच्चों की जिम्मेदारी के साथ मानसिक और आर्थिक परेशानी झेल रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक में घुसा लोडर, चालक फंसा, दमकल व पुलिस ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- काटा गया लोडर का अगला हिस्सा, एक घंटे बाद चालक को निकाला
- शहीद पथ स्थित पेनेशिया अस्पताल के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार में शहीद पथ पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पेनेशिया अस्पताल के पास गिट्टी से लदा एक लोडर वाहन आगे चल रहे ट्रक में पीछे से भिड़ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि लोडर के केबिन में चालक बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकलकर्मियों की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। हादसे के चलते कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सुचारू करा दिया गया।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि रविवार देर रात बस्ती के लालगंज रामनगर निवासी विकास लोडर (यूपी 58 एटी 2036) में गिट्टी लादकर चिनहट के कमता की ओर जा रहे थे। लोडर में परिचालक बस्ती के मड़वा के रहने वाले रवि विश्वनाथ भी सवार थे। रात करीब दो बजे शहीद पथ स्थित पेनेशिया अस्पताल के पास बेकाबू लोडर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया। हादसे में विकास और रवि दोनों लोग घायल हो गए। हादसे से वहां से गुजर रहे राहगीरों ने अपने वाहन रोके। देखा तो चालक अंदर फंसा है।


रेस्क्यू अभियान में शामिल दमकलकर्मी।



हादसे के बाद लोडर के केबिन में फंसा चालक। अमृत विचार


लोडर का केबिन काटते कर्मी।

राहगीरों ने 2:15 बजे डॉयल-112 पर सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके पर वह टीम के साथ पहुंचे और लोडर के केबिन में फंसे चालक को निकालने की कोशिश की। सफलता नहीं मिलने पर दमकल को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर स्टेशन गोमतीनगर से दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस व दमकल की संयुक्त टीम ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया। टीम ने कटर से लोडर का अगला हिस्सा काट कर एक घंटे में चालक विकास को बाहर निकाल लिया। उसके पैर में गंभीर चोट आई थी। उसे तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल भेजकर भर्ती कराया गया।

**लोडर हटा रही क्रेन से बस टकराई :** हादसे के बाद शहीद पथ पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर गिट्टी से लदे लोडर को हटवाया। अधिक भार होने के कारण वाहन को नीचे उतारना संभव नहीं था, इसलिए उसे क्रेन की मदद से सरयू अपार्टमेंट के सामने स्थित पार्किंग क्षेत्र में खड़ा कराया गया। इसी दौरान लोडर को हटाते समय एक बस ने पीछे से क्रेन में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बस में सवार और राहगीर कोई चोटिल नहीं हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मार्ग को साफ कराया और यातायात सामान्य कर दिया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# नाबालिग बेटी की हत्या कर एसिड से जलाया चेहरा, पिता व साथी गिरफ्तार

## झाड़-फूंक कराने के बहाने बाराबंकी के बड्डूपुर ले जाकर घटना को दिया अंजाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट के धावा निवासी पिता ने अपनी 16वर्षीया बेटी की बाराबंकी के बड्डूपुर में गला घोंटकर हत्या कर दी। इस मामले में चिनहट पुलिस ने पिता और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि बेटी के प्रेम प्रसंग और बदनामी के डर से पिता ने झाड़-फूंक कराने के बहाने दोस्त व कैब चालक के साथ उसे बाराबंकी ले जाकर वारदात को अंजाम दिया।

डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में किशोरी का पिता और उसका साथी ओला कार चालक अब्दुल मन्नान शामिल है। आरोपी पिता ने पूछताछ में बताया कि उसकी बेटी के बाराबंकी निवासी सुमित से प्रेम संबंध थे। कई बार समझाने के बावजूद वह उससे दूरी नहीं बना रही थी। बदनामी के डर से उसने हत्या की साजिश रची। 13 अप्रैल को पड़ोस में रहने वाले आदर्श शुक्ला की कार बुक कर चालक अब्दुल मन्नान के साथ बेटी को झाड़-फूंक के बहाने सुल्तानपुर ले गया, जहां रात में रुका और फिर बड्डूपुर नहर पटरी पर ले जाकर दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी।

वारदात के बाद पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने बेटी के चेहरे पर एसिड डालकर जलाने की कोशिश की। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पिता ने मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया।


पुलिस की गिरफ्त में हत्या करने का आरोपी पिता व उसका दोस्त। अमृत विचार

**ऑनर किलिंग**

- पहचान मिटाने के लिए एसिड से चेहरा जलाने का किया था प्रयास
- 15 अप्रैल को इंदिरा कैनाल की पटरी पर मिला था शव, साथी भी दबोचा गया

मामले की जांच के दौरान इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा 18 अप्रैल को किशोरी के घर पहुंचे, जहां ताला लगा मिला और पिता का मोबाइल बंद था। पड़ोसियों से जानकारी लेने पर संदेह गहराया। इसी बीच किशोरी के बाबा एक अधिवक्ता के साथ गुमशुदगी की तहरीर लेकर थाने पहुंचे और सुमित पर आशंका जताई। बाद में पिता भी वहां पहुंच गया। इसी दौरान बाराबंकी के बड्डूपुर में किशोरी का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने फोटो मंगवाकर पिता को दिखाई तो उसने पहचान कर ली।

इसके बाद कॉल डिटेल्स और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस का शक पिता पर गहराया। रविवार रात उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसे और उसके साथी अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार कर लिया।

### पिता ने अपने हाथों से घोंटा था गला

- इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के अनुसार, पूछताछ में सामने आया कि इंदिरा नहर पटरी पर पहुंचकर अब्दुल मन्नान ने कार रोकी। कार के अंदर ही उसने किशोरी के हाथ-पैर पकड़े, जबकि पिता ने दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को बाहर निकालकर चेहरे पर एसिड डालकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई। इसी दौरान एक वाहन आता देख दोनों शव छोड़कर मौके से भाग निकले। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है।

# चारबाग में सवारी बैठाने के विवाद में ऑटो चालक को मारा चाकू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती, आरोपी गिरफ्तार
- घायल के भाई की तहरीर पर हुसैनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** चारबाग में रविवार देर रात ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में ऑटो चालक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को हुसैनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू व ऑटो बरामद कर लिया है।

एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि हुसैनगंज के छितवापुर पजावा निवासी राकेश कुमार धानुक किराए पर ऑटो चलाता है। 20 अप्रैल की सुबह राकेश चारबाग पर सवारी ऑटो में बैठा रहा था। इसी दौरान दूसरे ऑटो चालक सुशील कुमार साहू ने आगे ऑटो लगायी और सवारी बैठाने लगा। राकेश ने टोका तो उनके बीच गाली-गलौज शुरु हो गयी। बात बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गयी। इसी दौरान आरोपी सुशील ने ऑटो में रखा चाकू निकाला और राकेश पर ताबड़तोड़ वार कर दिया।

ताबड़तोड़ वार होने से राकेश खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल राकेश को सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल के भाई राजू ने हुसैनगंज कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार साहू को छत्ता वाला पुल के पास केकेसी के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी निगोहां के राती गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# किसान के घर में अराजक तत्वों ने किया पथराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगराम के बहरौली गांव में रविवार रात को हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** नगराम के बहरौली गांव में रविवार रात अराजकतत्वों ने किसान अमर सिंह के घर पर पथराव कर दिया, जिससे बरामदे का टिनशेड टूटकर गिर गया। हादसे में किसान और उनकी बेटी घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

पुलिस के अनुसार घटना के पीछे क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। अमर सिंह के घर के सामने मैदान में कुछ युवक क्रिकेट खेलते थे, जिसका परिवार विरोध करता था। इसी बात को लेकर रंजिश बढ़ी और देर रात घर पर ईंट-पत्थर फेंके गए।

घटना के समय अमर सिंह की बेटी किंजल बरामदे में सो रही थी। पथराव से टिनशेड गिरने पर वह मलबे में दबकर घायल हो गई। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

दरोगा सहदेव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। गांव और आसपास के क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

### डॉक्टर की पत्नी समेत दो से ठगे 1.18 लाख

**अमृत विचार , लखनऊ :** जालसाज ने डॉक्टर की पत्नी समेत दो लोगों के खाते से 1.18 लाख रुपये पार कर दिए। ठाकुरगंज के सराय माली खां निवासी डॉ. आशीष दीक्षित के मुताबिक उनकी पत्नी अश्मिता राज मंत्रा एप से खरीदारी करती थीं। नया मोबाइल लेने के बाद उन्होंने गूगल से कस्टमर केयर नंबर लेकर 10 अप्रैल को कॉल किया। कथित प्रतिनिधि ने कॉल ट्रांसफर कर टेलीग्राम पर मैसेज भेजा, जिससे मोबाइल हैक हो गया और खाते से दो बार में 99,998 रुपये निकाल लिए गए। वहीं इंदिरानगर के हरिहरनगर निवासी रमेश चंद्र के खाते से जालसाजों ने यूपीआई के जरिए 68 हजार रुपये पार कर दिए। मैसेज मिलने पर उन्होंने बैंक और साइबर सेल में शिकायत की।

# पत्नी के मनपसंद साड़ी न पहनने से नाराज युवक ने लगाया फंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जानकीपुरम में रविवार देर रात हुई घटना, मंगलवार को होनी थी भतीजी की शादी

**अमृत विचार :** जानकीपुरम के रसूलपुर निवासी धर्मपाल (24) ने रविवार देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह पत्नी द्वारा उसकी पसंद की साड़ी न पहनने से नाराज था। सोमवार सुबह परिजनों ने शव लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया और पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस के अनुसार धर्मपाल ई-रिक्शा चालक था और परिवार में पत्नी नेहा है। बड़े भाई नंदकिशोर ने बताया कि मंगलवार को भतीजी ललिता की शादी होनी थी, जिसके चलते घर में खुशियों का माहौल था। रविवार को तेल पूजन की रस्म के दौरान नेहा तैयार हो रही थी। इसी बीच धर्मपाल ने उसे दूसरी साड़ी पहनने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया और धर्मपाल गुस्से में चला गया।

रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए। सोमवार सुबह जब परिजन उठे तो कमरे में धर्मपाल पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मंगल गीत की जगह पसरा मातम

- परिजनों के मुताबिक 21 अप्रैल को बाराबंकी से बारात आनी थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। लेकिन अचानक हुई इस घटना से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया और पूरे परिवार में शोक छा गया।

# बलरामपुर अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवारीजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की
- कई बार कहने के बावजूद कोई डॉक्टर मरीज को देखने तक नहीं आया
- सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि शिकायत के आधार पर होगी मामले की जांच

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान हरदोई के एक मरीज की मौत हो गई। परिवारीजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की शिकायत भी अस्पताल प्रशासन से की गई है।

हरदोई के माझ गांव, मल्लावा निवासी विनोद शर्मा (55) को पेट फूलने की शिकायत पर 14 अप्रैल को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। पत्नी रानी शर्मा के मुताबिक डॉक्टरों ने पेट का ऑपरेशन करने की बात कही। इसके लिए छह यूनिट खून भी चढ़ाया। साले सूरज के मुताबिक शनिवार को डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर दिया। मरीज को न्यू बिल्डिंग के वॉर्ड में शिफ्ट करा दिया गया। आरोप है कि रविवार को मरीज की हालत बिगड़ने लगी। कई बार कहने के बावजूद कोई डॉक्टर देखने तक नहीं आया। स्टाफ ठीक होने की बात कहकर टालता रहा। नाक में पड़ी नली निकल गई उसे भी किसी ने ठीक नहीं किया। हालात बिगड़ने पर देर शाम मरीज को एसएसबी बिल्डिंग के आईसीयू वॉर्ड में शिफ्ट कराया गया। आरोप है यहां भी किसी ने ठीक से नहीं देखा। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे मरीज की मौत हो गई। परिवारीजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।


रोते बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

**बदलाव** | विधान भवन के सामने महिला आरक्षण मुद्दे पर निकलेगी जन आक्रोश महिला पद यात्रा

# शहर में आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन



**अमृत विचार:** विधान भवन के सामने भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को महिला आरक्षण मुद्दे पर जन आक्रोश महिला पद यात्रा निकाली जाएगी। इसे देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है, ताकि कार्यक्रम के दौरान आमजन को असुविधा न हो। यह जानकारी डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि डायवर्जन सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस, फायर सर्विस व अन्य आपातकालीन वाहनों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनुमति दी जाएगी। सहायता के लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 जारी किया गया है।

निर्धारित व्यवस्था के तहत लालबत्ती चौराहा, 1090 चौराहा, समतामूलक, पॉलिटेक्निक, सुभाष चौक, बंदरियाबाग, गोल्फ क्लब, राजभवन, डीएसओ, हजरतगंज, जीपीओ मोड़ और विधानसभा की ओर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह रॉयल होटल, सिकंदरबाग, पार्क रोड, महानगर और गोमतीनगर से हजरतगंज व विधानसभा मार्ग की ओर भी वाहनों का आवागमन रोका जाएगा। परिवर्तन चौक, हिंदी संस्थान, तेलीबाग, बंगलाबाजार व लालबाग से भी इन मार्गों की ओर यातायात प्रभावित रहेगा।

वैकल्पिक मार्ग के रूप में वाहन लालबत्ती चौराहा से कटाईपुल, शहीदपथ, कमता या कैण्ट होते हुए अन्य गंतव्यों तक जा सकेंगे। सिसेण्डी तिराहा, बर्लिंगटन, महाराणा प्रताप चौराहा से यू-टर्न लेकर कैसरबाग, सुभाष, सिकंदरबाग व महानगर की ओर आवागमन संभव होगा। समतामूलक चौराहा से ग्रीन कॉरिडोर, डालीगंज, ताज अंडरपास व पिपराघाट के रास्ते भी यातायात संचालित रहेगा।

रोडवेज और सिटी बसों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। ये बसें सिकंदरबाग, हजरतगंज व विधानसभा मार्ग से न जाकर ग्रीन कॉरिडोर, डालीगंज व सीडीआरआई मार्ग होते हुए कैसरबाग व चारबाग पहुंचेंगी। वहीं चारबाग से गोमतीनगर जाने वाली बसें कैण्ट व कटाईपुल मार्ग से संचालित होंगी।

# विवाहिता की मौत पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, गोसाईंगंज

- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित बसेरा कॉलोनी में विवाहिता अनीता (30) की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर बहनोई पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। छानबीन के दौरान पुलिस ने आरोपी पति को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है।

बाराबंकी के कुर्सी जयकरनपुर निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि बहन अनीता की शादी अप्रैल 2019 में सहेनिया बिदियापुर सतरिख बाराबंकी निवासी विजय कुमार से हुई थी। उनके दो बेटे हैं। विजय परिवार संग सुशांत गोल्फ सिटी के गोमती एंक्लेव के पीछे बसेरा कॉलोनी में रह रहा है। आरोप लगाया है कि विजय कुमार का दूसरी महिला से अवैध संबंध थे। इस बात का विरोध करने पर अनीता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। दहेज की मांग को लेकर भी अक्सर विवाद और मारपीट होती थी।

परिजन ने बताया कि 16 अप्रैल को अनीता का शव घर में फर्श पर पड़ा था। भाई ने बहनोई विजय पर हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन ने अंतिम संस्कार बाराबंकी में किया। रविवार को भाई बृजेश ने तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने साक्ष्य संकलन के बाद आरोपी को विजय को गिरफ्तार कर कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### मारपीट में दो भाई गिरफ्तार

- **अमृत विचार, लखनऊ :** इटौंजा में मारपीट के मामले में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विश्राम और पंचम बीकेटी के ग्राम शिवपुरी के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर सोबरन सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को महेश प्रसाद निवासी जमखनवा ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि आरोपियों ने उनके व भाई लवकुश को पीटा और मोबाइल छीनकर तालाब में फेंक दिया था।

## सिटी ब्रीफ

### मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** चारबाग स्थित बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की कक्षा-10 के परीक्षा में उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. आरके पाण्डेय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के अनुकरणीय मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके निरन्तर आगे बढ़ने की कामना की।

### बेद प्रकाश फील्ड ऑफिसर नियुक्त


बेद प्रकाश

**अमृत विचार, लखनऊ:** डीएवी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता बेद प्रकाश यादव को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) ने आगामी 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स (एनएसजी) बीच वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए फील्ड ऑफिसर नियुक्त किया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता गोवा की राजधानी पणजी में 21 से 23 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में देश भर के अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### चौपटिया में बद्रीनाथ के कपाट खुले

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौपटिया स्थित प्राचीन चारों धाम मंदिर में सोमवार को अक्षय तृतीया के दिन बद्रीनाथ के कपाट खोले गए और पूजन किया गया। बद्रीनाथ को चने की दाल, कढ़ी- चावल के साथ-साथ मौसमी फलों का भोग लगाया गया। आयोजन में कुंदन लाल परिवार के शिव नारायण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभय अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, तिलक, राघव, यश, अनिल द्विवेदी, सियाराम अवस्थी सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

### आज के जीवन में अत्यंत प्रासंगिक है गीता का संदेश


स्वामी अनंतानंद

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरा नगर स्थित ईश्वर धाम मंदिर में सोमवार से गीता ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत चतुर्थ अध्याय 'ज्ञान कर्म सन्यास योग' के व्याख्यान की शुरुआत हुई। कथा व्यास स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने प्रवचन में कहा कि भगवद गीता आज भी मानव जीवन के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि गीता का वास्तविक उद्देश्य समझना आवश्यक है। महाभारत की रणभूमि में जब अर्जुन के मन में विभिन्न प्रकार के द्वंद्व उत्पन्न हुए, तब भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें गीता के उपदेश के माध्यम से समाधान दिया। यही कारण है कि जीवन के संघर्षों में भी गीता का मार्गदर्शन आज उतना ही उपयोगी है। महामंडलेश्वर ने कहा कि जो व्यक्ति गीता के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाता है, उसकी सदैव सराहना होती है और वह हर परिस्थिति का समाधान पाने में सक्षम होता है। इससे पूर्व गीता ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी रामानंद सरस्वती सहित अन्य संतों की उपस्थिति में हुई।

# कल इकाना में भिड़ेंगी एलएसजी और राजस्थान रॉयल्स की टीमें

## होटल में पहुंचे राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों का हुआ स्वागत



होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों का टीका लगाकर स्वागत करती होटल की कर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 22 अप्रैल को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमें सोमवार को लखनऊ पहुंच गईं।

मेहमान टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी दोपहर में द सेंट्रम होटल पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक भारतीय अंदाज में स्वागत किया गया। खिलाड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई और तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। आईपीएल के मौजूदा सत्र में एलएसजी का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। टीम ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए दोनों मुकाबलों में हार झेली है और कुल छह मैचों में चार हार के साथ अंक तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गई है। ऐसे में यह मुकाबला एलएसजी के लिए करो या मरो जैसा बन गया है, जहां टीम हर हाल में जीत हासिल कर हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी। दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स भी जीत की लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। दोनों टीमें मंगलवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास सत्र के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगी। इस मुकाबले में खास नजरें युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर होंगी, जिनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है। क्रिकेट प्रेमियों को इस रोमांचक मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

## अमर ने जीते गोल्ड और सिल्वर

**अमृत विचार, लखनऊ:** थाईलैंड में 17 से 19 अप्रैल तक आयोजित हुई वर्ल्ड मास्टर्स स्पोर्ट्स फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट अमर अवस्थी ने अपनी रफ्तार का जादू बिखेरते हुए एक स्वर्ण और एक रजत पदक पाने में कामयाब रहें। लखनऊ के अमर अवस्थी ने 50 मीटर एप्निया इवेंट में पानी के भीतर बिजली जैसी गति दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसके अतिरिक्त 50 मीटर सरफेस मोनोफिन स्पर्धा में भी कड़ा संघर्ष करते हुए रजत पदक हासिल कर भारत की पदक तालिका में इजाफा किया।

# दो वर्ष में दोगुनी हुई लविवि में फीस

## एनएसयूआई और अभाविप ने कुलपति से मिलकर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश से लेकर विभिन्न पाठ्यक्रमों की बढ़ाई गई फीस से छात्रों में गुस्सा है। कुछ पाठ्यक्रमों में 3 हजार से 15 हजार रुपये तक की वृद्धि की गई है। हालांकि विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर फीस बढ़ाने के साथ सेल्फ फाइनैंस कोर्सों की सीटें भी बढ़ा दी हैं, लेकिन छात्रों का आरोप है कि फीस बढ़ोतरी कर सीट बढ़ाना विश्वविद्यालय की आय बढ़ाने का प्रयास है। वहीं, सरकार के निर्देश पर परीक्षा शुल्क कम होने से विश्वविद्यालय की आय पर असर पड़ा है। संबद्ध महाविद्यालयों में करीब 4.50 लाख से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। शासन की ओर से वेतन मद में महज 34 करोड़ रुपये का अनुदान मिलता है, जबकि वेतन व्यय अब 250 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।



- विश्वविद्यालय ने एलयूआरएन शुल्क खत्म करने की घोषणा

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रों के हित को सर्वोपरि मानते हुए कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ फीस वृद्धि से जुड़े विषयों पर खुली वार्ता की। इस दौरान पुस्तकालय के समय में भी विस्तार किया गया है। अब यह प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा, जिससे छात्रों को अध्ययन और शोध कार्य के लिए अधिक समय मिल सकेगा। छात्रों की मांग पर अवकाश के दिनों में भी पुस्तकालय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा।

**प्रवेश प्रक्रिया में शुल्क सरलीकरण:** विश्वविद्यालय की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने वाले छात्रों से एलयूआरएन शुल्क अलग से नहीं लिया जाएगा। पूर्व में यह शुल्क 100 रुपये निर्धारित था, जिसे अब प्रवेश आवेदन शुल्क में ही समायोजित कर दिया गया है। प्रशासन और छात्र संगठनों के बीच यह सहयोगात्मक कदम विश्वविद्यालय की सहभागी परंपरा को और मजबूत करता है।

**किस कोर्स की कितनी बढ़ी फीस (रुपये में)**

| | | |
|---|---|---|
| एलएलबी फाइव ईयर | 47,330 | 25,580 |
| बीएससी सेल्फ फाइनैंस | 26,330 | 13,580 |
| बीएससी एग्री | 54,505 | 54,005 |
| बीवोक | 13,500 | 6,380 |
| बीबीए | 40,580 | 35,080 |
| बीबीए टूरिज्म | 30,080 | 30,080 |
| बीसीए | 49,500 | 35,080 |
| बीवीए रेग्युलर | 10,572 | 6,372 |
| बीवीए सेल्फ फाइनैंस | 20,830 | 15,630 |
| बीए रेग्युलर | 3,727 | 3,527 |
| बीकॉम रेग्युलर | 4,027 | 3,827 |
| बीकॉम सेल्फ फाइनैंस | 22,732 | 15,830 |


विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर कुलपति कार्यालय पर प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

## कल्पना फाउंडेशन और ध्रुव एकेडमी को मिली शानदार जीत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिंड्रा खेल मैदान पर खेले गए सीसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन और ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने जीत दर्ज की। पहले मैच में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने कूह स्पोर्ट्स क्लब को सात विकेट से हराया। कूह स्पोर्ट्स क्लब 19.5 ओवर में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में कल्पना फाउंडेशन ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मुकाबले में ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 10 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव एकेडमी ने 155 रन बनाए। जवाब में सेंट्रल क्रिकेट क्लब 145 रन पर सिमट गई। अंश यादव ने 56 रन की पारी के साथ तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

## शिवम बने लखनऊ बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में बॉक्सिंग खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। उद्यमी और समाजसेवी शिवम विजय साहू को बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ का चेयरमैन सर्वसम्मति से चुन लिया गया। यह निर्णय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित कार्यकारिणी सभा की बैठक में लिया गया।

बैठक के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने शिवम विजय साहू के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन सचिव सहदेव सिंह ने किया। इस प्रस्ताव को सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एकमत से मंजूरी दी। बैठक के बाद अध्यक्ष और सचिव ने विश्वास जताया कि शिवम विजय साहू के देखरेख में लखनऊ में बॉक्सिंग खेल को नया आयाम मिलेगा और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। नवनिर्वाचित चेयरमैन ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य शहर में बॉक्सिंग के दायरे का विस्तार करना है। उन्होंने जोर दिया कि खिलाड़ियों को अधिक अवसर और एक्सपोजर दिया जाएगा, ताकि लखनऊ के बॉक्सर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।


शिवम विजय साहू

# ओम ने किया उलटफेर, वैभव बाहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आइटा पुरुष टेनिस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले हुए

**अमृत विचार:** आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस एकेडमी में चल रहे आइटा पुरुष टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को शीर्ष वरीय खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश की, वहीं कुछ मुकाबलों में उलटफेर भी देखने को मिले। मुख्य ड्रा में टॉप सीड मयंक शर्मा (दिल्ली) ने उत्तर प्रदेश के प्रणव मिश्रा को 6-1, 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

दिन का सबसे बड़ा उलटफेर उत्तर प्रदेश के ओम यादव ने किया, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त वैभव सिंह को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं, पश्चिम बंगाल के अरीत्रो घोष ने बिहार के पांचवीं वरीय सुधीर सिंह को 5-7, 6-1, 6-2 से मात दी। अनुज कुमार ने आर्यन सेजवाल को 6-2, 5-7, 7-5 से हराकर संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। तीसरी वरीय पार्थ पाटिल और चौथी वरीय ध्रुव ने भी अपने मुकाबले जीत लिए। इसके अलावा यश वर्मा, उदय कौल और रोहिन राज ने जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। तमिलनाडु के मुकिल रामनन ने तेजल पाल को 6-2, 6-1 से हराया। टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया, जहां उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल भी मौजूद रहे। अब निगाहें प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं।


उद्घाटन के अवसर पर मौजूद विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह।

### विधायक निधि से लाखों की घोषणा

- डॉ. राजेश्वर सिंह ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए 2 लाख रुपये और खेल ढांचे के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। भीषण गर्मी के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह बना रहा, जिससे प्रभावित होकर विधायक ने कोर्ट पर उतरकर खिलाड़ियों के साथ टेनिस खेला। उन्होंने मयंक शर्मा, मुकिल रामनन और ध्रुव से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। साथ ही मार्वल एवेंजर्स थीम पार्क की योजना साझा की गई। इंटर स्कूल व इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए ड्रॉ भी हुआ, जिसमें करीब 170 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता को 50 हजार और उपविजेता को 25 हजार रुपये मिलेंगे, जबकि कुल 1.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

## इवेंट नहीं, इम्पैक्ट कवर करें पत्रकार: पूजा

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में 'रिमैजिनिंग न्यूज राइटिंग इन द डिजिटल एज' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें डिजिटल दौर की चुनौतियों, मोबाइल जर्नलिज्म और प्रभावी संवाद कला पर विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार रखे। डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय की पीआरओ व मल्टीमीडिया जर्नलिस्ट पूजा सक्सेना ने बदलती ऑडियंस और प्लेटफॉर्म के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा पत्रकारों को केवल इवेंट नहीं, बल्कि उसके प्रभाव (इम्पैक्ट) को कवर करना चाहिए। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बदलते मीडिया परिदृश्य के अनुरूप खुद को तैयार करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि व रेडियो प्रोड्यूसर विनय सक्सेना ने 'वॉइस कल्चर' और उच्चारण की शुद्धता पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता चौधरी ने कहा कि इस कार्यशाला से छात्रों को डिजिटल पत्रकारिता के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी मिली है।

## सिटी डायरी

### नारी शक्ति के समर्थन में भाजपा की आक्रोश रैली आज




बैठक में शामिल भाजपा नेता।

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा महानगर इकाई की ओर से मंगलवार को महिलाओं के समर्थन में आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। ये रैली कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास से शुरू होकर विधानभवन तक जाएगी। रैली के संबंध में सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, विधायक ओपी श्रीवास्तव तथा योगेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद शाहीन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अब्दुल कदीर व अन्य।

### शिक्षा हमारी प्रगति की कुंजी

**अमृत विचार, लखनऊ:** शाहीन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अब्दुल कदीर ने सोमवार को ऐशबाग ईदगाह में शाहीन अकादमी के सीबीएसई कक्षा 10 के सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि अगर हम दुनिया में सफलता और गौरव चाहते हैं तो हमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षा हासिल करनी चाहिए। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी यह शानदार सफलता माता-पिता की दुआओं, शिक्षकों के समर्पण, ध्यान, लगन और छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह सफलता हमें और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।


डॉ. निशंक का शॉल पहनाकर स्वागत करतीं महापौर।

### महापौर ने किया उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ:** महापौर कैंप कार्यालय में सोमवार को भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' का महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वागत किया। महापौर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़ाई। इसके बाद दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ।


सोमनाथ दर्शन के लिए जा रही महिलाओं का दल।

### महिलाएं सोमनाथ दर्शन के लिए रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ:** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में लखनऊ की महिलाएं गुजरात के सोमनाथ मंदिर में महादेव के दर्शन करेंगी। महिलाएं गोमती नगर स्टेशन से ट्रेन से रवाना हुईं। यात्रा 21 अप्रैल की सुबह 6 बजे सोमनाथ स्टेशन पहुंचेगी। 24 अप्रैल को वहां से वापसी के लिए ट्रेन रवाना होगी और 26 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी।

## आयोजन

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# लोकगीत और नृत्य से किया नारी शक्ति को वंदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत आयोजित लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया, जबकि डॉ. आराधना अस्थाना ने अधिनियम की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। लोकगीतों में अवधी, भोजपुरी, कजरी, मैथिली और पंजाबी गीतों ने समा बांधा। रिया, वैशाली, नेहा, कृति, उत्कर्ष और प्रज्ञा की प्रस्तुतियां सराही गईं, वहीं सुजल और निखिल की बिदेशिया प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

नृत्य खंड में अर्चना, समीक्षा और शबाना, सना, श्रेया, सादमा व प्रतिभा के समूह ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में डॉ. विभा सिंह सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।


भाषा विवि में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।


पदयात्रा में शामिल प्राचार्या व अन्य सहित छात्राएं।

### मिस्ड कॉल अभियान चलाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के अंतर्गत एक मिस्ड कॉल अभियान का आयोजन किया गया। अंग्रेज़ी विभाग की डॉ. ममता दीक्षित ने इस अधिनियम के महत्व को रेखांकित किया और छात्राओं के बीच जागरूकता फैलाई। छात्राओं द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. रीना सिंह तथा वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. नीता चक्रवर्ती द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. निहारिका वर्मा ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ के सदस्य प्रो. अलका शर्मा, प्रो. वंदना सिंह, प्रो. शमामा मिर्ज़ा, डॉ. शुचि गुप्ता, एवं डॉ. अनुरंजिता दीक्षित सहयोगी स्टाफ पूजा और रुक्मणी भी उपस्थित थीं।

### छात्राओं ने की पदयात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में छात्राओं ने पदयात्रा निकाली। इसका शुभारंभ भाजपा नेत्री उमा मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि आज की नारी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' को सभी का कर्तव्य बताया। पदयात्रा में एनसीसी, एनएसएस की छात्राओं सहित बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

### डीएवी डिग्री कॉलेज में हुई कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ:** डीएवी डिग्री कॉलेज लखनऊ में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को महिला सशक्तिकरण में महिला आयोग की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में अपर्णा यादव (उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग) उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता प्रबंधक आनंद मोहन तिवारी ने की। प्राचार्य प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने महिला आयोग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयोग महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल शोषण और उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

# मोहनलालगंज और बीकेटी में सबसे ज्यादा खरीदे गए भूमि-भवन

## बीते वित्तीय वर्ष में मोहनलालगंज में 35401 और बीकेटी में 27128 बैनामा कराए गए, मलिहाबाद काफी पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 167145 बैनामे हुए
- शासन के खजाने में जमा हुआ 231958 रुपये राजस्व

**अमृत विचार :** रियल एस्टेट क्षेत्र में मोहनलालगंज और बीकेटी लगातार निवेश बढ़ा रहा है। आवासीय ही नहीं व्यावसायिक, औद्योगिक और कृषि के लिए भी यहां जिले में सबसे अधिक भूमि की खरीद की जा रही है। अन्य क्षेत्रों की तुलना में एक वर्ष में मकान, भूखंड, दुकान, कॉम्पलेक्स, खेत आदि के लिए इन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक बैनामे कराए गए। इस मामले में मलिहाबाद काफी पीछे है।

जिले के सभी 10 रजिस्ट्री कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 167145 बैनामे हुए, जिनसे 231958 रुपये राजस्व की प्राप्त हुई। इसके पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 157487 बैनामों से 193043 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था। उपनिबंधक कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में मोहनलालगंज में 2552 और पूरे वर्ष 35401 बैनामा कराए गए। दूसरे स्थान पर बीकेटी रहा। यहां भी खरीदारों ने निवेश करके मार्च 2026 में 1944 और पूरे वर्ष 27128 बैनामा कराए हैं। इससे निबंधन विभाग को वर्ष 2025-26 में मोहनललागंज से 33497 लाख रुपये और बीकेटी से 26500 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई है। मलिहाबाद आम बेल्ट है, इस इलाके की शहर से सीधी कनेक्टिविटी नहीं है। इस लिहाज से खरीदारों का रुझान कम हैं। अन्य इलाकों की तुलना में यहां एक वर्ष में सबसे कम 5394 बैनामा, जिससे 3208 रुपये राजस्व मिला। संपत्तियों की खरीद-फरोख्त से सभी 10 रजिस्ट्री कार्यालयों में पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक आय प्राप्त हुई है।

### योजनाओं से हुआ तेजी से विकास, मांग व दाम बढ़े

- सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड व किसान पथ से लगा मोहनलालगंज तेजी से विकसित हो रहा है। पास में एलडीए की आईटी सिटी व वेलनेस सिटी के साथ आवास विकास और निजी बिल्डरों की तमाम आवासीय व व्यावसायिक योजनाएं हैं। इसी तरह बीकेटी में एलडीए की नैमिष नगर योजना, ग्रीन कॉरिडोर आदि से क्षेत्र शहर से सीधा जुड़ा है। इससे खरीदारों ने आकर्षित होकर मकान, फ्लैट, रोहाउस, भूखंड के साथ कॉम्पलेक्स, मार्केट, उद्योग, कृषि जमीन आदि संपत्तियां खरीदी हैं। दोनों क्षेत्रों में जमीन की मांग के साथ दाम बढ़ गए हैं।



रजिस्ट्री आफिस में सर्वर डाउन होने के कारण इंतजार करते रजिस्ट्री कराने आए लोग।

### कैसरबाग में ठप रहा रजिस्ट्री का सर्वर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अक्षय तृतीया पर रविवार को कैसरबाग स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के सर्वर में तकनीकी समस्या बनी रही। इस कारण ज्यादातर पहुंचे लोग रजिस्ट्री नहीं करा पाए। दूसरे दिन सोमवार को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दो दिन की रजिस्ट्रियां होने की वजह से शाम तक कतार लगी रही। रुक-रुककर रजिस्ट्रियां हुईं। इस वजह से कई लोग लौट गए। रविवार को अक्षय तृतीय पर रजिस्ट्रार कार्यालय खोला गया। शुभ दिन पर आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने लोग पहुंचे। लेकिन, तकनीकी समस्या के कारण सर्वर की रफ्तार धीमी रही। सर्वर आता-जाता रहा।

## सिटी ब्रीफ

### हादसे में घायल अधेड़ ने दम तोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई इलाके में शनिवार को सड़क हादसे में घायल अधेड़ की रविवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। तेलीबाग के वृंदावन कॉलोनी निवासी अतुल श्रीवास्तव (58) चारबाग स्थित एक धर्मशाला में देखरेख का कार्य करते थे। बेटी सृष्टि के ने बताया कि 18 अप्रैल की शाम पिता अतुल पैदल किसी काम से घर से निकले थे। इस दौरान पीजीआई अस्पताल के सामने अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पिता को गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। रविवार देर रात इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई।

### सड़क हादसे में मानसिक विक्षिप्त की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** इटौंजा क्षेत्र के लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर खानीपुर के पास सोमवार रात करीब आठ बजे खानीपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। लोगों ने बताया कि व्यक्ति मानसिक विक्षिप्त था। वह क्षेत्र में इधर-उधर घूमा करता था। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

### फार्मेसी छात्र के खाते से निकाले 50 हजार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा में यूपीआई के माध्यम से फार्मेसी छात्र के खाते से 50,300 रुपये पार कर दिए गए। मूल रूप से गोंडा के मोतीगंज निवासी मनीष शर्मा हरौनी के सीको कॉलेज ऑफ फार्मेसी का छात्र है। पीड़ित ने बताया कि सहपाठी अरविंद कुमार के पास उसका मोबाइल था। इसी दौरान अरविंद ने पिन और पासवर्ड पता किया। उसके बाद मोबाइल हैक कर खाते से 28 मार्च से 1 अप्रैल के बीच 50,300 रुपये कई खातों में ट्रांसफर करा लिए। बंथरा थाने में आरोपी के मोबाइल पर 12 बैंक खातों का विवरण मिला है। उसके मोबाइल में पेमेंट के स्क्रीनशॉट भी मिले हैं। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने एससीएसटी मामले में फंसाने की धमकी दी। बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### नाली निर्माण को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के पश्चिम विहार कॉलोनी में नाली निर्माण को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद ने हिंसक रूप में हो गया। पीड़ित पक्ष ने पड़ोसी युवक पर नाली तोड़ने, मारपीट करने सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पश्चिम विहार कॉलोनी निवासी डॉ. योगेश कुमार यादव ने बताया कि 16 अप्रैल को वे अपने मकान के पास नाली ऊंची कर रहे थे। तभी पड़ोसी अभिषेक पांडेय कार से आए और बिना बात किए करीब 50 फीट लंबी नाली को पैर मारकर तोड़ दिया। विरोध करने पर अभिषेक ने गाली-गलौज शुरू कर मारपीट शुरु कर दी। आरोप है कि अभिषेक ने डॉ. यादव और उनके पिता के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। डॉ. योगेश कुमार यादव ने पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शादी से मना किया तो दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां इलाके में रहने वाली महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि एक युवक उसकी बेटी पर जबरन शादी व बातचीत करने का दबाव बना रहा है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी के मुताबिक इलाके की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि बाराबंकी के लोनी कटरा स्थित जौरास गांव निवासी हिमांशु साहू लगातार उनके मोबाइल पर फोन कर रहा है। वह बेटी से बात कराने का दबाव बना रहा था। आरोपी ने उनकी बेटी का नाम अपनी फोटो पर डालकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी भी दी। विरोध करने पर गाली-गलौज करता है। कहता है कि अगर लड़की की शादी उसके साथ नहीं की तो वह कहीं और शादी नहीं होने देगा। उसे जान से मार देगा। हिमांशु की धमकी से पूरा परिवार दहशत में है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्जकर मामले कीर जांच शुरू कर दी।

# परशुराम जयंती पर कवि और समाजसेवी सम्मानित

## बेंती गांव में आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने कविताओं से अर्पित की पुष्पांजलि

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बेंती गांव में अक्षय तृतीया पर सम्मान समारोह और काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इसमें छतरपुर (मध्यप्रदेश) के कवि अभिराम पाठक को स्व. राजा विजय कुमार त्रिपाठी स्मृति सम्मान, बनारस के हास्य-व्यंग्य कवि दमदार बनारसी को स्व. शारदा प्रताप शुक्ला स्मृति सम्मान और उन्नाव के जिला आबकारी अधिकारी शायर अनुराग मिश्र 'ग़ैर' को 'भगवान परशुराम संतति गौरव सम्मान' दिया गया।

लखनऊ की कवयित्री अंशु 'प्रिया' दुबे को संतति प्रतिभा सम्मान औरभारतीय सांख्यिकीय सेवा परीक्षा 2022 में सफल अंशिका वाजपेयी को 'संतति प्रेरणा सम्मान' से विभूषित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार आलोक शुक्ला, वरिष्ठ नागरिक उमा शंकर तिवारी, ब्राह्मण परिवार लखनऊ के अध्यक्ष शिवशंकर अवस्थी, समाजसेवी प्रवीण अवस्थी, व्यवसायी शिवकुमार तिवारी 'पप्पू', पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला, प्रधान मुरलीधर दीक्षित सहित को भी सम्मानित किया गया। काव्यांजलि की शुरुआत अंशु प्रिया दुबे द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। महोबा से आए रितेश पटेरिया ने ओजस्वी कविताओं से माहौल में जोश भर दिया।

हरि मोहन बाजपेई ने मार्मिक पंक्तियों से वाहवाही लूटी। डॉ. विनय शंकर आशु ने भगवान परशुराम के तप और शौर्य पर आधारित रचना प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कवयित्री अंशु प्रिया दुबे ने श्रृंगार रस में भगवान परशुराम के शौर्य का काव्यात्मक चित्रण किया। दमदार बनारसी की हास्य-व्यंग्य रचनाएं सुनाईं। अभिराम पाठक ने वीर रस में सरदार भगत सिंह पर आधारित कविता सुनाकर देशभक्ति का भाव जगाया और अनुराग मिश्र 'ग़ैर' की शायरी ने भी कार्यक्रम में विशेष रंग भरा। संयोजन अक्षरा संस्था के अध्यक्ष अतुल बाजपेयी ने किया और एडवोकेट बच्चा बाजपेयी ने आभार व्यक्त किया।



अक्षय तृतीया पर बेंती गांव में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते आयोजक।

### 38 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अक्षय तृतीया पर विजय प्रदोष मंडल और संकटा देवी मंदिर समिति ने संकटा देवी मंदिर रानी कटरा चौपटिया 38 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया। विजय मण्डल के मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष दीक्षित ने बताया की यज्ञोपवीत संस्कार आचार्य पंडित पाटेश्वर शुक्ला ने पांच अन्य आचार्यों के साथ संपन्न कराया। विजय प्रदोष मंडल के अध्यक्ष पंडित भाल चंद दीक्षित ने बताया कि 16 वर्षों से यह आयोजन कराया जा रहा है। संस्कार कराने के लिए समिति में पंजीकरण करवाना होता है। उपाध्यक्ष कैलाश शंकर दीक्षित ने बताया कि आने वाले समय मंडल की ओर से सामूहिक विवाह समारोह भी कराए जाएंगे। कार्यक्रम में रिद्धि किशोर गौड़, पंडित रवि मिश्र, अमित मिश्र, सत्येंद्र मिश्र और संतोष आदि मौजूद रहे।



यज्ञोपवीत संस्कार की रस्में पूरी करते बटुक। अमृत विचार

### गोंड समाज और उपजातियों को एसटी में शामिल करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** मूलवासी कश्यप निषाद गोंड जन उत्थान समिति ने सोमवार को दारुलशफा ए ब्लाक के कामन हाल में 18 मंडलों के प्रमुखों का सम्मेलन किया। इसमें मूलवासी गोंड समाज और उनकी पर्याय धुरिया, गुड़िया, सुरहिया, रैकवार, बाथम, कहार, धीमर की समस्याओं और हितों पर चर्चा की गई। गोंड समाज और उसकी उपजातियों को एसटी में शामिल किए जाने की लंबित मांग को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजक धुरिया सतीश कुमार कश्यप ने कहा कि गोंड समाज का सामाजिक ताना बाना, जीविकापार्जन, धार्मिक, सांस्कृतिक रीतिरिवाज उक्त जातियों एक समान है। हमें अपने अधिकारों के महत्व को भी समझने की जरूरत है

# उर्वरकों का लक्ष्य मिला निगरानी समितियां सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सितंबर तक का यूरिया, डीएपी व अन्य उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित
- न्याय पंचायत, ब्लॉक व तहसील स्तर पर कमेटी रखेंगी नजर

**अमृत विचार :** सरकार ने कृषि विभाग को खरीफ फसलों के लिए अप्रैल से सितंबर तक उर्वरकों का लक्ष्य आवंटित कर दिया। रैक आने पर वितरण शुरू हो जाएगा। उर्वरकों की निगरानी के लिए गठित समितियों ने निगरानी भी शुरू कर दी है।

अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी ने बताया अप्रैल से सितंबर तक का लक्ष्य मिला है। निजी और सहकारी क्षेत्र के लिए अप्रैल में यूरिया 936, डीएपी 534, एनपीकेएस 63, एमओपी 90 व एसएसपी 27 एमटी लक्ष्य मिला है। मई में यूरिया 1554, डीएपी 499, एनपीकेएस 60, एमओपी 52 व एसएसपी 10 एमटी, इसी तरह जून में यूरिया 1147, डीएपी 591, एनपीकेएस 83, एमओपी 25 व एसएसपी 3 एमटी लक्ष्य आवंटित हुआ है। इस तरह से सितंबर तक कुल 28453 एमटी यूरिया, 6274 डीएपी, 1160 एनपीकेएस, 185 एमओपी व 72 एमटी एसएसपी की मात्रा आवंटित हुई है। रैक आने पर वितरण समितियां और निजी दुकानों पर ई-पॉस से वितरण होगा। उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवररेटिंग, मिलावट, टैगिंग आदि की न्याय पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जिला स्तरीय कमेटी करेंगी। किसी तरह की समस्या पर संबंधित नंबरों पर शिकायत करें। कार्रवाई की जाएगी।

### किसान इन नंबरों पर करें शिकायत

- कंट्रोल रूम/हेल्प डेस्क - 9198938099
- जिला कृषि अधिकारी - 7839882167
- एआर को-ऑपरेटिव - 6386903337
- क्षेत्रीय प्रबंधक, इफको - 9807576004

# लोहिया में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों पर सख्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हेयरनेट, वर्दी, आईडी कार्ड से लेकर मोबाइल तक पर सख्त निर्देश, कर्मचारियों ने बताया शोषण

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए नए सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष का माहौल है। एजेंसी की सोमवार को जारी आदेश के तहत छोटी-छोटी चूक पर भी आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है।

आदेश के अनुसार महिला कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान बालों में जूड़ा या हेयरनेट पहनना अनिवार्य किया गया है, अन्यथा 200 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं पुरुष कर्मचारियों के लिए दाढ़ी या लंबे बाल रखने पर भी प्रतिदिन 200 रुपये की वसूली तय की गई है।

इसके अलावा ड्यूटी के समय आई कार्ड या नेमप्लेट न पहनने पर 100 रुपये, वर्दी न पहनने पर 200 रुपये प्रतिदिन का जुर्माना निर्धारित किया गया है। ड्यूटी के दौरान सोना, धूम्रपान या शराब सेवन करते पाए जाने पर 500 रुपये की वसूली की जाएगी। संस्थान में करीब 4000 आउटसोर्सिंग कर्मचारी कार्यरत हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भ्रष्ट आचरण, अवैध गतिविधियों या अधिकारियों से मिलीभगत पाए जाने पर सीधे बर्खास्तगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर 2000 रुपये तथा बिना अनुमति कार्यस्थल छोड़ने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा काउंटर पर तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर को मोबाइल फोन जमा करना होगा। आदेश से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में खलबली मच गई है। कर्मचारियों का कहना है कि केजीएमयू, पीजीआई समेत प्रदेश के दूसरे संस्थानों में आउटसोर्सिंग कर्मचारी तैनात हैं लेकिन वहां ऐसे नियम नहीं हैं। लोहिया में कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। इसे रोकने वाला कोई नहीं है।

### जाली दस्तावेज से रजिस्ट्री कराने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी कर भूमि की रजिस्ट्री कराने वाले आरोपी को मलिहाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नईम अहमद उर्फ मोहम्मद नईम निवासी ग्राम कसमण्डी कला मलिहाबाद करीब तीन माह से फरार चल रहा था। पुलिस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बताया कि आजमगढ़ निवासी शबाना परवीन ने 17 जनवरी को नईम, वसीम, रविशंकर, कथित राजकुमार सिंह और कथित जीनत मुकीद के खिलाफ फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज करी थी।

मेधा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस का परिणाम किया घोषित

# सीएमएस के 166 छात्र जेईई एडवांस में चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एटीए) ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर से कामयाबी का परचम लहराया है। नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) द्वारा घोषित जे.ई.ई. मेन्स-2026 (द्वितीय चरण) के परीक्षाफल में सीएमएस के सर्वाधिक 166 छात्रों ने सफलता अर्जित की है। 25 मेधावी छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है, तो वहीं दूसरी ओर 108 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर सफलता अर्जित की है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष का जनरल कट-ऑफ मार्क्स 93.41 है जबकि ईडब्ल्यूएस का कट-ऑफ मार्क्स 82.41, ओबीसी -एनसीएलका कट-ऑफ मार्क्स 80.92, एस.सी का कट-ऑफ मार्क्स 63.91 एवं एस.टी. का कट-ऑफ मार्क्स 52.01 है।

जे.ई.ई. मेन-2026 (द्वितीय चरण) की परीक्षा में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. छात्रों में तेजस राज (99.73), साक्ष्य वंश (99.71), अनुज जैन (99.68), अभ्युदय सार्थक (99.67), भानु प्रकाश वर्मा (99.66), अर्जुन अग्रवाल (99.63), ऋषित रायजादा (99.63), आशुतोष प्रताप सिंह (99.58), आदित्य राजपूत (99.57), नितांत त्रिपाठी (99.49), अर्णव सिंह (99.47), अभिनव सिंह (99.45), मो. सायम सुल्तान (99.39), सिद्धिमा शुक्ला (99.39), शिखर कुमार सिंह (99.36), आरूष कुमार (99.32), उत्सव यादव (99.27), आदित्य सिंह (99.27), दिव्य श्रीवास्तव (99.26), सन्दर्भ मिश्रा (99.24), भव्या गुप्ता (99.17), मो. अली उमर (99.11), संकल्प मिश्रा (99.11), अथर्व सिंह भदौरिया (99.09) एवं निश्छल दुबे (99.06) शामिल हैं।

## सिटी डायरी



बैठक करते पदाधिकारी।

### कैफ़ी आजमी की पुण्यतिथि 10 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैफ़ी आजमी की पुण्य तिथि पर 10 मई को कैफ़ी आजमी अकादमी में मनाई जाएगी। तैयारियों को लेकर सोमवार को कैफ़ी आजमी अकादमी मेंअकादमी के अध्यक्ष प्रो. अली अहमद फात्मी की अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रो. अली अहमद फात्मी ने बताया कि कार्यक्रम तीन सत्रों में होगा। पहले सत्र शाम 4 बजे से 5 बजे तक फिल्म हीर रांझा की झलकियां दिखाई जाएंगी। दूसरे सत्र में शाम 5 बजे से 6 बजे तक कैफी आजमी की पुस्तक नई गुलिस्तों पर प्रो. अली अहमद फात्मी, डॉ. उदयभान यादव (आजमगढ़) अपना लेख पढ़ेंगे। तीसरे सत्र में शाम 6 :30 बजे से शहजाद रिज़वी और फरजाना मेंहदी अशफाक उल्ला खां पर दास्तानगोई पेश करेंगे। अध्यक्षता प्रो. अली अहमद फात्मी और सञ्चालन प्रो. रेशमा परवीन करेंगी। सैय्यद फ्राहिम हुसैन को कार्यक्रम का इंचार्ज बनाया गया। प्रो. नलिन रंजन सिंह, प्रो. रेशमा परवीन, डॉ. अतहर रिज़वी, डॉ. अज़रा रिजवी, करुणा शंकर, आशीष यादव मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता डॉ. राजवर्धन सिंह परमार और अन्य।

### देवा शरीफ की एएसआई से कराई जाए जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराणा प्रताप सेना ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में पत्रकार वार्ता की। इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजवर्धन सिंह परमार ने कहा कि बाराबंकी स्थित देवा शरीफ दरगाह का मूल स्वरूप महादेव का एक प्राचीन मंदिर था। इसके ऐतिहासिक तथ्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। संगठन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से विस्तृत सर्वे कराने की मांग की। इसके अलावा प्रदेश में हिंदू धार्मिक संपत्तियों के संरक्षण के लिए सनातन बोर्ड और स्वर्ण बोर्ड के गठन की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि इससे धार्मिक संस्थानों का बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। इस मौके पर पुजारियों के हितों को लेकर भी मुद्दा उठाया गया।



चन्दन यात्रा महामहोत्सव में शामिल श्रद्धालु।

### चन्दन यात्रा महामहोत्सव शुरु

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) में अक्षय तृतीया पर सोमवार को चन्दन यात्रा महा महोत्सव की शुरुआत हुई। अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने यात्रा महोत्सव का प्रारंभ कर उसकी महत्ता का वर्णन किया। उन्होंने यात्रा कथा का महात्म्य बताया कि एक बार भगवान के प्रिय भक्त एवं महान आचार्य माधवेंद्र पुरी को वृंदावन में गोपाल जी के विग्रह स्वप्न देते हैं कि हे माधवेंद्र जेठ माह में मुझे बहुत गर्मी लगती है तुम मुझे जगन्नाथपुरी जाकर मेरे लिए चंदन लेकर आओ और मेरे शरीर पर लेप करो। यह सपना आते ही माधवेंद्र पुरी जी वृंदावन से तत्काल पैदल पैदल जगन्नाथपुरी उड़ीसा के लिए निकल पड़े ।



शोकसभा में आयतुल्लाह खामेनई और छात्राओं को श्रद्धांजलि देते बच्चे व अन्य।

### शोकसभा हुई

**अमृत विचार, लखनऊ :** लेडी फातिमा चिल्ड्रेन एकेडमी में सोमवार को शोक सभा आयोजित कर ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों और स्टाफ ने मिनाब के स्कूल के बच्चों की याद में पेंटिंग्स बनाकर शहीद बच्चों के परिजनों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। आयतुल्लाह अली हुसैन सिस्तानी के कार्यालय के प्रतिनिधि मौलाना मोहम्मद हुसैन, एकेडमी के प्रबंधक प्रो. आगा परवेज मसीह, प्रधानाचार्य रेशमा हसन, असद रिज़वी ने भी शोक जताया।